# बिना तैयारी बैठक में पहुंचे अधिकारियों पर सीएम धामी सख्त

**– विभागों के बीच समन्वय की कमी पर अधिकारियों को लगाई फटकार – 15 जून तक सभी लंबित घोषणाओं के शासनादेश जारी करने के साथ कार्य शुरू करने के सख्त निर्देश**



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज सचिवालय में आयोजित मुख्यमंत्री घोषणाओं की समीक्षा बैठक में अधिकारियों के बिना तैयारी के उपस्थित होने पर सख्त नाराजगी व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मुख्यमंत्री घोषणाओं की समीक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है और इस प्रकार की बैठकों में बिना पूरी तैयारी के आना किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में सभी अधिकारी पूर्ण तैयारी और तथ्यात्मक जानकारी के साथ ही बैठक में उपस्थित हों।

मुख्यमंत्री ने विभागों एवं अधिकारियों के बीच आपसी समन्वय और संवाद की कमी पर भी कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कई मामलों में विभागीय तालमेल के अभाव के कारण विकास कार्य अनावश्यक रूप से लंबित हो रहे हैं, जो स्वीकार्य नहीं है। मुख्यमंत्री ने सभी सचिवों को संबंधित विधानसभा क्षेत्रों की घोषणाओं की एक बार पुनः गहन समीक्षा करने के कड़े निर्देश दिए। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणाएं सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता का विषय हैं और जनता से किए गए वादों को समयबद्ध तरीके से पूरा करना सरकार की प्रतिबद्धता है। उन्होंने निर्देश दिए कि किस विभाग में कितने प्रतिशत घोषणाएं पूर्ण हो चुकी हैं और कितनी लंबित हैं, इसकी विस्तृत रिपोर्ट तत्काल प्रस्तुत की जाए। मुख्यमंत्री ने सभी लंबित घोषणाओं के संबंध में 15 जून तक शासनादेश जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही जिन कार्यों के शासनादेश जारी हो चुके हैं, उन पर तत्काल कार्य प्रारंभ सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अनावश्यक देरी किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने इस बात पर भी कड़ी नाराजगी व्यक्त की कि कई स्थानों पर घोषणाओं के अनुरूप कार्य प्रारंभ होने के बावजूद शिलापट्ट नहीं लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि संबंधित कार्यस्थलों पर शिलापट्ट लगाना सुनिश्चित किया जाए, अन्यथा संबंधित जिलाधिकारी इसकी जिम्मेदारी तय करेंगे।

मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी नाराजगी जताते हुए कहा कि जो विषय जिला स्तर पर हल हो सकते हैं, उन्हें अनावश्यक रूप से शासन स्तर पर लंबित रखना उचित नहीं है। उन्होंने निर्देश दिए कि जिस स्तर पर कार्य लंबित है, उसी स्तर पर उसका तत्काल समाधान किया जाए। मुख्यमंत्री ने सभी सचिवों को निर्देश दिए कि 15 जून से पहले सभी लंबित घोषणाओं की पुनः समीक्षा बैठक आयोजित की जाए और प्रत्येक कार्य की अद्यतन स्थिति प्रस्तुत की जाए। इसके उपरांत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अल्मोड़ा जनपद के विधानसभा क्षेत्र सल्ट, रानीखेत, सोमेश्वर एवं जागेश्वर से संबंधित विभिन्न विकास घोषणाओं की विस्तृत समीक्षा की।मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता से किए गए सभी वादों और घोषणाओं को निर्धारित समयसीमा के भीतर धरातल पर उतारा जाए तथा विकास कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र के संतुलित विकास के लिए प्रतिबद्ध है और दुरस्थ पर्वतीय क्षेत्रों तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## डीएम ने स्टांप चोरी के 47 मामले पकड़े

विकासनगर। पछुवादून, जौनसार बावर के सरकारी कार्यालयों में व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंचे जिलाधिकारी ने सोमवार को सब रजिस्ट्रार कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टांप शुल्क चोरी के 47 मामले सामने आने के साथ ही अन्य कई गंभीर अनियमितताएं उजागर हुई हैं। डीएम सविन बंसल ने बताया कि सब रजिस्ट्रार कार्यालय के निरीक्षण के दौरान साल 2018, 2024 और 2025 तक के मूल विलेख पत्र संदिग्ध स्थिति में पाए गए, जिन्हें तत्काल कब्जे में लेते हुए जब्त कर लिया गया। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि विक्रय हेतु प्रतिबंधित भूमि की रजिस्ट्री किए जाने के मामले भी पाए गए हैं, जो कि नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। जांच में धारा 47–ए के अंतर्गत स्टांप शुल्क की चोरी से संबंधित 47 प्रकरण भी चिन्हित किए गए हैं। निरीक्षण के दौरान कार्यालय संचालन में पारदर्शिता की कमी, अभिलेखों के रखरखाव में लापरवाही तथा प्रक्रियात्मक नियमों के उल्लंघन जैसी अन्य अनियमितताएं भी पाई गईं। इस सभी बिंदुओं पर विस्तृत जांच करते हुए जिला प्रशासन द्वारा एक समग्र रिपोर्ट तैयार की जा रही है,

## संक्षिप्त समाचार

### पर्यटक व स्थानीय लोगों के बीच मारपीट

देहरादून। मालरोड पर प्रवेश को लेकर शहीद भगत सिह चौक पर पर्यटक व स्थानीय निवासी के बीच मारपीट हो गई। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के विरूद्ध कोतवाली मसूरी में मुकदम दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार रविवार की रात्रि शहीद भगत सिह चौक नगर पालिका बैरियर पर पर्यटक प्रशांत शर्मा निवासी नजफगढ़ दिल्ली अपने वाहन को मालरोड पर प्रवेश को लेकर खड़े थे। इसी बीच स्थानीय निवासी बलराम मौर्य भी मालरोड पर जाने के लिए पर्यटक वाहन के पीछे अपना वाहन लगा दिया। पर्यटक प्रशांत बैरियर पर तैनात कर्मचारियों के साथ मालरोड पर प्रवेश के लिए वार्ता कर रहे थे। इस बीच बलराम ने वाहन हटाने के लिए पर्यटक से कहा जिस पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ गया जिसके बाद दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। इसकी सूचना पर मसूरी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची।पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत किया। दोनों पक्षों को कोतवाली लाया गया। पुलिस के समझाने के बाद भी दोनों पक्ष मानने को तैयार नहीं हुए जिस पर पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर लेकर क्रास मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली निरीक्षक देवेंद्र चौहान ने बताया कि मामले में जांच शुरू कर दी गई है।

### मौसम हुआ खराब, केदारनाथ के लिए नहीं चली हेली सेवा

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ धाम के लिए हेलिकॉप्टर सेवा सोमवार को मौसम खराब होने से बाधित रही। बीते तीन दिनों से लगातार मौसम खराब होने से हवाई सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। इस कारण, फाटा, गुप्तकाशी, शेरसी से हेली से धाम जाने वाले यात्रियों को इंतजार करना पड़ा। मगर मौसम नहीं खुला तो यात्री जा नहीं सके ऐसे में उनके टिकट निरस्त करने पड़े। सोमवार को धाम में बर्फबारी के कारण सभी कंपनियों के हेलिकॉप्टर हेलिपैड पर ही खड़े रहे। यात्री मौसम साफ होने की उम्मीद में देर शाम तक इंतजार करते रहे। कई यात्रियों ने मौसम खुलने की आस में हेलिपैड परिसर में ही समय बिताया। इधर मौसम में सुधार न होने पर कुछ यात्रियों के टिकट भी निरस्त किए गए। हेली सेवा प्रभावित रहने से यात्रियों की चिंता बढ़ी रही। जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने बताया कि मौसम खराब होने के कारण उड़ानों पर असर पड़ा है। मौसम सामान्य होते ही सेवाएं फिर नियमित कर दी जाएंगी।

### पश्चिम बंगाल व असम में जीत पर भाजपा ने की आतिशबाजी

रुद्रप्रयाग। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल एवं असम में पार्टी को पूर्ण बहुमत मिलने पर जीत का जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की, पटाखे जलाए और एक–दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी मनाई। केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल ने कहा कि यह कार्यकर्ताओं की जीत है। यह ऐतिहासिक विजय प्रधानमंत्री के नेतृत्व, सुशासन और जनकल्याणकारी नीतियों पर जनता के अटूट विश्वास का परिणाम है। इस अवसर पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक खत्री, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुमन नौटियाल, ब्लॉक प्रमुख भुवनेश्वरी देवी, श्रीनंद जमलोकी, राजेंद्र सजवाण और मंडल अध्यक्ष मनोज राणा आदि मौजूद रहे।

### बंगाली समाज ने भाजपा की जीत का जश्न मनाया

देहरादून। उत्तराखंड बंगाली महासभा ने आराघर मॉडल कॉलोनी स्थित उत्तरायण कालीबाड़ी मंदिर में भाजपा की बंगाल पर प्रचंड विजय पर मिठाई बांटकर और नृत्य कर खुशी मनाई।मॉडल कॉलोनी में हुए एक कार्यक्रम में उत्तराखंड बंगाली महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अधीर मुखर्जी ने कहा कि बंगाल में सन सैंतालीस के बाद प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बंगाल में आजादी का एक ओर दिन आया है। पिछले पंद्रह वर्षों में ममता बनर्जी की टीएमसी सरकार ने जिस प्रकार लोगों के खिलाफ और संस्कृति के खिलाफ काम किया, उसे जनता ने भारी बहुमत देकर करारा जवाब दिया है। भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री मोदी से उत्तराखंड में रहने वाले बंगाली समाज को ये उम्मीद है कि वह उत्तराखंड की तरह बंगाल को भी सुदृढ़ और विकसित प्रदेश बनाकर वहां की आम जनता के विश्वास पर खरा उतरेगी। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी महिला होने के बावजूद महिलाओं, बुजुर्गों, युवाओं पर अत्याचार को रोकने में विफल साबित हुई।

### जवाड़ी बाईपास क्षेत्र में पहाड़ी से गिर रहा पत्थर–मलबा

रुद्रप्रयाग। जिला मुख्यालय में लगातार हो रही बारिश के बीच जवाड़ी बाईपास के नए भूस्खलन जोन में खतरा बढ़ गया है। तेज बारिश और हवाओं के कारण संवेदनशील पहाड़ी से पत्थर, मलबा लगातार गिर रहा है। ऐसे में मार्ग से गुजर रहे वाहनों के लिए जोखिम बना हुआ है। बीते वर्ष बरसात के दौरान इसी पहाड़ी से भूस्खलन होने के कारण यह मार्ग दो दिन तक बंद रहा था।

इस बार भी यात्रा सीजन और बारिश के दौरान पहाड़ी से लगातार मलबा, पत्थर गिर रहा है। वहीं इस भूस्खलन क्षेत्र में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था न होने से रात के समय गुजरने वाले यात्रियों के लिए स्थिति और अधिक जोखिम भरी हो रही है। वहीं एनएच के अधिशासी अभियंता ओंकार पांडे ने बताया कि पहाड़ी के ट्रीटमेंट के लिए प्रस्ताव तैयार कर भेजा गया है। स्वीकृति मिलते ही कार्य शुरू किया जाएगा। फिलहाल जेसीबी से गिर रहे मलबे को लगातार हटाया जा रहा है।

## युवाओं के लिए जर्मनी और जापान में रोजगार के अवसर

नई टिहरी। बेरोजगार युवाओं के लिए जर्मनी और जापान में नौकरी के अवसर उपलब्ध कराए गए हैं। यह अवसर मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन एवं वैश्विक रोजगार योजना के तहत दिए जा रहे हैं। इसमें बीएससी नर्सिंग, जीएनएम, एएनएम और इंटर पास युवतियों को विदेश में रोजगार मिलेगा। नर्सिंग और केयर गिवर के क्षेत्र में जर्मनी और जापान में रोजगार की काफी संभावनाएं हैं। वैश्विक रोजगार योजना के तहत सरकार के पास विदेशों से सक्षम वर्करों की मांग आई है। यह योजना वर्ष 2023 में शुरू की गई थी। अभी तक टिहरी जिले से करीब 143 युवाओं ने इसमें अपना पंजीकरण कराया है। जर्मनी और जापानी भाषा का प्रशिक्षण लेने के बाद 62 युवतियां जापान और जर्मनी में केयर गिवर के रूप में सेवाएं दे रही हैं। इसके अतिरिक्त, 30 लोग सऊदी अरब में वेयर हाउस में नौकरी कर रहे हैं। इच्छुक युवक और युवतियां जिला सेवा योजन कार्यालय में अपना पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण के बाद प्रदेश सरकार उन्हें निशुल्क भाषा प्रशिक्षण और रहने–खाने की सुविधा देगी।–

**जर्मनी में रोजगार के अवसर**

जर्मनी में बीएससी नर्सिंग और जीएनएम प्रशिक्षित महिला और पुरुष वर्करों की आवश्यकता है। इनकी आयु 21 से 35 साल के बीच होनी चाहिए। इन पदों के लिए प्रतिमाह ढाई से तीन लाख रुपये का वेतन पैकेज बताया गया है। यह अवसर उन लोगों के लिए है जो नर्सिंग के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्राप्त करना चाहते हैं।

### कॉजवे व स्कपर के अधूरे निर्माण से सड़क बदहाल

चमोली। विकासखंड पोखरी को जिला मुख्यालय गोपेश्वर से जोड़ने वाली सड़क दो जगह पर बदहाल बनी है। कई महीनों से यहां पर कॉजवे और स्कपर का निर्माण कार्य चल रहा है लेकिन अभी तक आधा काम ही हो पाया है। ऐसे में सड़क दो जगह पर बदहाल बनी हुई है। पोखरी क्षेत्र के 50 से अधिक गांवों की जिला मुख्यालय आने जाने वाली पोखरी–हापला–गोपेश्वर सड़क के बगथल व नारी गदेरे में कॉजवे और स्कपर का निर्माण किया जा रहा है। करीब छह माह से ठेकेदार की ओर से इस काम को पूरा नहीं किया जा सकता है। अधूरे कार्य के कारण इन जगहों पर सड़क संकरी हो गई है साथ ही बारिश होने से सड़क पर कीचड़ भर रहा है। इससे वाहनों की आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। किमोठा के प्रधान हरिकृष्ण किमोठी, बीडीसी सदस्य चंद्रकला देवी, कांडई चंद्रशिला के प्रधान भगत सिंह, तोणजी की प्रधान राजेश्वरी देवी, नवीन राणा, गजेंद्र आदि ने जल्द से जल्द सड़क की स्थिति सुधारने की मांग की। वहीं लोनिवि के ईई राजकुमार ने बताया कि ठेकेदार को निर्माण कार्य तत्काल पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

## तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर पछुवादून में मना जश्न



विकासनगर। पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव परिणाम आने के बाद तीन राज्यों में भाजपा की बंपर जीत पर पछुवादून से लेकर जौनसार बावर तक भाजपाइयों ने जमकर जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर विजय जुलूस निकाला। कार्यकर्ताओं ने इसे केंद्र सरकार के सुशासन की जीत करार दिया। कालसी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक मुख्यालय से कालसी गेट तक जुलूस निकालकर जीत का जश्न मनाया। भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रदीप वर्मा ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जीत भाजपा के साथ ही वहां की जनता के लिए भी महत्वपूर्ण है। पश्चिम बंगाल की जनता को भी सुशासन और कानून का राज देखने को मिलेगा। त्यूणी मंडल कार्यकर्ताओं ने त्यूणी बाजार स्थित पार्टी कार्यालय पर जीत का जश्न मनाया। मंडल अध्यक्ष नीरज शर्मा ने कहा कि देश की जनता सिर्फ भाजपा की सरकार में खुद को सुरक्षित महसूस करती है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल के साथ ही असम, पुडुचेरी में भी भाजपा की बंपर जीत इस बात का प्रमाण है कि जनता भाजपा के शासन से खुश है। सेलाकुई में भाजपा जिलाध्यक्ष मीता सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जीत की खुशी में आतिशबाजी कर एक दूसरे को मिठाई खिलाई।

## जनसुनवाई में अवैध कब्जा, बिजली कटौती और जलभराव की समस्या उठाई




हरिद्वार। जिले में अवैध कब्जे, बिजली की किल्लत, जलभराव, पेंशन में देरी और अन्य समस्याओं को लेकर सोमवार को जनसुनवाई में लोगों का गुस्सा खुलकर सामने आया। अलग–अलग क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों ने समस्याएं रखते हुए त्वरित समाधान की मांग उठाई। इस दौरान कुल 70 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 32 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। अन्य मामलों को संबंधित विभागों को निस्तारण के लिए भेज दिया गया। जिला कार्यालय सभागार में आयोजित जनसुनवाई में 55 शिकायतें सीधे उपस्थित होकर और 15 ऑनलाइन माध्यम से दर्ज कराई गईं। न्यू विष्णु गार्डन निवासी सचिन वर्मा ने नगर निगम की भूमि पर अवैध कब्जा कर डेयरी संचालन और गंदगी फैलाने की शिकायत की।

वहीं, सतवीर सिंह ने अहमदपुर ग्रांट स्थित अपनी भूमि पर कब्जे की शिकायत करते हुए पैमाइश कराने की मांग उठाई। जिला पंचायत सदस्य विमलेश देवी ने औरंगाबाद क्षेत्र में पिछले दो–तीन माह से सीमित विद्युत आपूर्ति के कारण किसानों को हो रही परेशानी का मुद्दा उठाया। इसके अलावा सेवानिवृत्त शिक्षक प्रदीप कुमार धीमान ने पेंशन शुरू न होने, पंकज कुमार ने रोहालकी किशनपुर में कूड़ा व अवैध गोबर हटाने, जबकि किसानों ने वन गुज्जरों द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाने की शिकायत दर्ज कराई। द्वारिका विहार कॉलोनी में जलभराव की समस्या भी प्रमुखता से उठाई गई।

## गायक मासूम शर्मा ने पेशी को 10 मई के बाद का समय मांगा

देहरादून। डीएवी पीजी कॉलेज के छात्रसंघ समारोह में मंच से गाली गलौज करने के मामले में हरियाणवी गायक मासूम शर्मा दून पुलिस के नोटिस के बावजूद पेशी से बच रहे हैं। 28 अप्रैल के बाद पेश होने का समय लेने के बावजूद गायक पुलिस के सामने उपस्थित नहीं हुए। उन्होंने एक बार फिर दून पुलिस को सूचना 10 मई के बाद पेश होने को कहा है। एसएसपी देहरादून प्रमेंद्र डोबाल ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि मासूम शर्मा की ओर से पुलिस से संपर्क कर सूचना दी गई है कि वह अपने आयोजनों और व्यस्तताओं के चलते अभी उपस्थित होने में असमर्थ हैं। उन्होंने 10 मई के बाद दून आने की बात कही है। दून पुलिस ने उन्हें 10 मई के बाद जल्द से जल्द विवेचना अधिकारी के समक्ष पेश होकर अपने बयान दर्ज कराने के सख्त निर्देश दिए हैं। पुलिस का स्पष्ट रुख है कि बयान दर्ज होने के बाद ही मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। मासूम पर मामले में केस दर्ज होने के बाद पुलिस के भेजे गए पहले नोटिस पर भी मासूम शर्मा पूछताछ के लिए नहीं आए थे। उनकी जगह उनके बड़े भाई और वकील देहरादून पहुंचे थे। उन्होंने पुलिस को बताया था कि 28 अप्रैल तक गायक के लगातार कार्यक्रम तय हैं। इसलिए वह उसके बाद ही आ सकेंगे। पुलिस ने तब उन्हें 28 अप्रैल के बाद पेश होने का नोटिस थमाया था। 28 अप्रैल बीता तो गायक ने फिर से नई तारीख मांग ली है। बता दें कि डीएवी पीजी कॉलेज में समारोह में गायक मासूम शर्मा ने हजारों छात्र–छात्राओं की मौजूदगी में मंच से अभद्र और अश्लील भाषा का प्रयोग किया था।

## सभी अस्पताल हों क्रियाशील, म्यूल टास्क फोर्स रखें तैनात

रुद्रप्रयाग। आयुक्त गढ़वाल मंडल विनय शंकर पांडेय व आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप ने केदारनाथ धाम यात्रा व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

उन्होंने यात्रा व्यवस्था नोडल अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ जिला कार्यालय सभागार में समीक्षा बैठक की। इस दौरान आयुक्त ने सिलिंडरों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने, सभी अस्पताल क्रियाशील व म्यूल टास्क फोर्स तैनात रखने, शौचालयों की नियमित साफ–सफाई, कार्मिकों की पर्याप्त तैनाती, सफाई सामग्री एवं पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सेक्टर मजिस्ट्रेट के माध्यम से शौचालयों की रैंडम चेकिंग कराने के निर्देश देते हुए यात्रा में स्वच्छता सर्वोच्च प्राथमिकता देने के लिए कहा। डीएम विशाल मिश्रा ने गढ़वाल आयुक्त को अब तक की यात्रा संचालन स्थिति से अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक निहारिका तोमर ने यात्रा रूट प्लान, ट्रैफिक व्यवस्था, पार्किंग एवं आपातकालीन सेवाओं की जानकारी दी। केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल ने कई मांगें रखीं।

इस अवसर पर केदारनाथ धाम में अग्नि सुरक्षा के लिए आवश्यक उपकरणों की खरीद के लिए लाख की धनराशि आवंटित की गई है।

### आयुष कॉलेज संचालकों ने कुलसचिव को बताईं समस्याएं

देहरादून। देहरादून में उत्तराखंड आयुष प्राइवेट अनएडेड कॉलेज एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने सोमवार को हर्रावाला स्थित उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय परिसर में नवनियुक्त कुलसचिव डॉ. शिव कुमार बरनवाल से मुलाकात की। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अश्वनी कांबोज की अगुवाई में पहुंचे पदाधिकारियों ने कुलसचिव का स्वागत किया और आयुष शिक्षा क्षेत्र की चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रकम सिंह और सचिव बालकृष्ण चमोली ने कहा कि निजी कॉलेज छात्रों के हित में पूरा सहयोग दे रहे हैं, लेकिन संस्थानों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान आवश्यक है। उन्होंने परीक्षाओं का समय पर आयोजन, परिणामों की शीघ्र घोषणा और तकनीकी त्रुटियों को दूर करने की मांग उठाई।

## दुकानों में घुसा पानी, सामान हुआ बरबाद

रुद्रप्रयाग। मयाली मुख्य बाजार में सड़क किनारे उचित जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण हल्की बारिश भी व्यापारियों और राहगीरों के लिए मुसीबत बन रही है। सोमवार को हुई बारिश के कारण सड़क पर नालियों में पानी उफान पर आ गया और सड़कों से होते हुए कई दुकानों में घुस गया। उनका सामान भी खराब हो गया। दो घंटे तक लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। भौगोलिक दृष्टि से मयाली बाजार दो हिस्सों में बंटा है। ऊपरी बाजार में नाली का निर्माण तो किया गया लेकिन वहां का सारा पानी ढलान के कारण निचले बाजार में जमा हो जाता है। सोमवार को बारिश हुई लेकिन मुख्य तिराहे पर ढलान और निचले बाजार में नाली न होने से पानी उफनाता हुए सड़क के सहारे बाजार में दुकानों में जा घुसा और सारा सामान खराब हो गया। ऐसे में राहगीरों का चलना भी दूभर हो गया। मयाली वासुदेव टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष हरीश पुंडीर, पूर्व व्यापार संघ अध्यक्ष सुरेंद्र सकलानी और व्यापारी जितेंद्र बुटोला ने लोनिवि विभाग की उदासीनता पर आक्रोश जताया।



उन्होंने बताया कि विभाग को इस समस्या के बारे में कई बार सूचित किया जा चुका है लेकिन विभागीय अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। मयाली व्यापार संघ ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द पानी की निकासी के लिए नाली का निर्माण नहीं कराया गया तो वे आंदोलन करेंगे।

### 19 वर्षीय युवक साहस से बोला मैं लडूंगा और जीतूंगा

देहरादून( । दून मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने टिहरी गढ़वाल के घनसाली निवासी 19 वर्षीय युवक में पल्मोनरी एल्वियोलर माइक्रोलिथियासिस (पीएएम) जैसी अत्यंत दुर्लभ बीमारी की पहचान की है। यह रोग इतना असामान्य है कि 1918 से अब तक विश्वभर में इसके केवल लगभग 1100 मामले दर्ज हुए हैं। विभागाध्यक्ष डॉ. अनुराग अग्रवाल ने बताया कि इसे सामान्य भाषा में "फेफड़ों की पथरी" कहा जा सकता है। दरअसल, फेफड़ों के सूक्ष्म वायु कोश (एल्वियोली) में कैल्शियम फॉस्फेट के महीन कण जमा होने लगते हैं, जो धीरे–धीरे फेफड़ों को कठोर बना देते हैं और ऑक्सीजन के आदान–प्रदान में बाधा उत्पन्न करते हैं। इस बीमारी के शुरुआती लक्षणों में सांस लेने में कठिनाई और अत्यधिक थकान शामिल हैं।

## पहली ही बारिश में उखड़ा डामर, पुश्ते कमजोर

चमोली। हाईवे पर किए गए निर्माण कार्य की पहली ही बारिश में पोल खुल गई है। यहां लगातार दो दिन की बारिश में बदरीनाथ हाईवे पर भनेरपाणी भूस्खलन क्षेत्र में हाईवे तालाब में तब्दील हो गया है। वहीं कई जगहों पर डामर उखड़ गया है और पुश्ते कमजोर पड़ गए हैं। ऐसे में बदरीनाथ धाम जाने और लौटने वाले वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। सबसे ज्यादा परेशानी दोपहिया वाहन चालकों को उठानी पड़ रही है और कई बाइक सवार फिसलकर चोटिल भी हो रहे हैं। स्यूण–बैमरु के ग्राम प्रधान रविंद्र नेगी और राकेश नवानी का कहना है कि क्षेत्र में बारिश के पानी की निकासी के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई है। हाल ही में यहां चट्टान का ट्रीटमेंट और सड़क पर डामरीकरण किया गया था लेकिन पहली ही बारिश में निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। सड़क किनारे



बने पुश्ते कमजोर पड़ने लगे हैं और कई जगहों पर डामर उखड़ने लगा है। नरेंद्र पोखरियाल ने कहा कि पानी की निकासी नहीं होने के कारण हाईवे पर लगातार जलभराव की स्थिति बनी हुई है। क्षेत्र से गुजरने वाले वाहन चालक सावधानी से आवाजाही कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग से जल्द स्थायी समाधान की मांग की।

**मई माह की बारिश में बरसात जैसी स्थिति**

कर्णप्रयाग। नगर में नियोजन और नीति के अभाव में जल निकासी व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। मई की बारिश ने ही अगस्त–सितंबर जैसी स्थिति होने लगी है जिससे स्थानीय निवासियों और चारधाम यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ढलान पर बसावट के बावजूद स्कपर बंद होने और नालियों की खराब स्थिति से पानी सड़कों पर बह रहा है। व्यापारी लखपत सगोई और देवेंद्र सिंह ने बताया कि नैनीताल हाईवे पर स्कपर बंद होने से अपर बाजार का पानी मुख्य बाजार की दुकानों में घुस गया है।

### छात्र–छात्राओं को बताए बचाव और उपचार के गुर

देहरादून। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सोमवार को कुआंवाला स्थित सीआईएमएस कॉलेज में टीबी मुक्त भारत अभियान 2.0 और 100 दिवसीय टीबी कैंपेन के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. मनोज वर्मा ने करीब 250 छात्र–छात्राओं को टीबी के लक्षण, रोकथाम और सरकार द्वारा उपलब्ध निशुल्क उपचार की विस्तृत जानकारी दी। डॉ. वर्मा ने बताया कि टीबी संक्रमक है, लेकिन समय पर जांच और सही इलाज से इसे पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जनपद के उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में शिविर लगाकर एक्सरे व बलगम की जांच की जा रही है। इस दौरान कॉलेज के चेयरमैन ललित मोहन जोशी और फैकल्टी डॉ. अंजना गुंसाई भी मौजूद रहीं।

## एक नजर

### आभार व्यक्त किया

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** :बीएड प्रशिक्षित युवा संघ के प्रवक्ता अरविन्द दुदपुड़ी ने राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा भौतिक शास्त्र तथा नागरिक शास्त्र की लिखित परीक्षा की तिथि विस्तारित करने पर राज्य लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष सचिव और परिक्षा नियत्रक का आभार व्यक्त किया हैं। उन्होने कहा की राज्य लोक सेवा आयोग ने प्रशिक्षित युवाओं की माँग को संज्ञान मे लिया और परिक्षा अग्रिम आदेशो तक स्थगित कर दी गई क्योकि उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग की भर्ती परिक्षा और उत्तर प्रदेश शिक्षा चयन आयोग की प्रवक्ता भर्ती परिक्षा एक ही तिथि मे होने से अभ्यार्थीयो मे असमंजस की स्थिति बनी हुई थी तथा अन्य ओर कारणों से भी अभ्यार्थी प्रवक्ता भर्ती परिक्षा तिथि को विस्तारित करने की माँग कर रहे थे।

### विद्यार्थियों को बेहतर भविष्य के लिए किया जागरूक

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : जानकी नगर स्थित हेमनदास सरस्वती विद्या मंदिर में हुई काउंसलिंग कार्यशाला में विद्यार्थियों को बेहतर भविष्य के लिए जागरूक किया गया। कहा कि विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य तय कर आगे बढ़ना चाहिए। मेहनत करने वालों को सफलता अवश्य प्राप्त होती है। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य महेंद्र गौड़ ने किया। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य है। इसलिए उन्हें प्रतिदिन कुछ नया सीखने की ललक अपने भीतर पैदा करनी चाहिए। ट्रस्ट के अध्यक्ष मेवालाल ने कहा कि विद्यार्थी जीवन मां के गर्भकाल से शुरू हो जाता है। कहा कि विद्यार्थी जीवन का मूल उद्देश्य चरित्र निर्माण होता है। उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से पठन-पाठन पर विशेष ध्यान देकर बेहतर भविष्य बनाएं जाने के लिए भी प्रेरित किया। कहा कि बच्चों को साइबर अपराध से बचने के लिए डिजिटल दुनिया का सतर्कता से उपयोग करना चाहिए। ट्रस्ट की सदस्य रिंकी गौड ने बच्चों को चित्रकला के माध्यम से बच्चों को अपनी सुरक्षा करने उपायों को साझा किया। कहा कि छात्रों को अपने विद्यार्थी व संपूर्ण जीवन काल में संस्कारवान बने रहने के लिए यथा संभव कोशिश करनी चाहिए। इस मौके पर संजय कांत, गौतम कुमार, प्रयाग दत्त चमोली, अंचल कुमार अग्रवाल, मनोज जोशी, योगेश नेगी, गीता रावत, सुनीता पंत, अंजू चमोली, कीर्ति द्विवेदी, श्रेया चौधरी मौजूद रहे।

### कई मोहल्लों में पेयजल आपूर्ति बाधित, लोग परेशान

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी** : शहर के कई मोहल्लों में सोमवार को भी पेयजल आपूर्ति बाधित रही। इस कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। लोगों को अपनी दैनिक जरूरतों के लिए हैंडपंप और अन्य जलस्त्रोतों से पानी भरना पड़ रहा है। लोगों ने जल संस्थान से पेयजल की आपूर्ति सुचारू करने की मांग की है। स्थानीय निवासियों अनुराग, प्रियांशु, मोहित, जगत किशोर ने बताया कि इन दिनों शहर में आए दिन पेयजल आपूर्ति बाधित हो रही है। बताया कि हर साल गर्मी के सीजन में शहर में पेयजल संकट गहराता है। इसके बावजूद जल संस्थान पानी की समस्या से निपटने में हर बार विफल साबित रहा है। जल संस्थान के अधीक्षण अभियंता प्रवीण सैनी ने बताया कि हाल ही में हुई बारिश के दौरान आंधी-तूफान आने से कई जगहों पर बिजली की तारें टूट गई हैं। इन टूटी हुई तारों की वजह से कई स्थानों पर पेयजल आपूर्ति नहीं हो पाई है। जल संस्थान प्रभावित क्षेत्रों में आपूर्ति बहाल करने के लिए तेजी से प्रयास कर रहा है।

# उक्रांद ने निकाली आक्रोश रैली, थाने का किया घेराव



सतपुली थाने में धरना देते उक्रांद कार्यकर्ता व पदाधिकारी



न्याय की मांग को लेकर सतपुली थाने में बैठे पंकज के स्वजन

### तीन दिन पूर्व रैतपुर गांव के समीप पुल से लटककर युवक ने लगाई थी फांसी

**जयन्त प्रतिनिध।**

कोटद्वार : सतपुली के रैतपुर गांव के समीप युवक की आत्महत्या का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। एक दिन पूर्व जहां कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने सतपुली थाने में धरना दिया था। वहीं, सोमवार को उत्तराखंड क्रांति दल ने सतपुली पुलिस को मौत का जिम्मेदार मानते हुए आक्रोश रैली निकाली। इस दौरान कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने पीड़ित परिवार के साथ खड़े रहने की बात कही।

मालूम हो कि तीन दिन पर रैतपुर गांव के समीप पुल पर लटककर एक युवक ने फँसी लगा दी थी। युवक ने फांसी से पहले एक वीडियो बनाया जिसमें उसने सतपुली थानाध्यक्ष पर उत्पीडन का आरोप लगाया। इसी मामले को लेकर सोमवार को उक्रांद के केंद्रीय उपाध्यक्ष शांति प्रसाद भट्ट व दिनेश चंद्र मास्टर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने सतपुली में जुलूस निकाला। पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए बड़ी संख्या में कार्यकर्ता सतपुली थाने में पहुंचे। जहां उन्होंने पुलिस अधिकारियों से वार्ता की। कहा कि पंकज की मौत को तीन दिन हो चुके हैं। लेकिन, अब तक थानाध्यक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। ऐसे में सवाल यह है कि कैसे परिवार को न्याय मिलेगा। कहा कि पुलिस ने युवक का इतना उत्पीड़न किया कि उसे आत्महत्या करने के लिए मजबूर होना पड़ा। युवक के साथ जहां भी मारपीट की गई उस स्थान के सीसीटीवी फुटेज जुटाए जाने चाहिए। कहा कि पुलिस का इस तरह का बर्ताव किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान पंकज की मां पुष्पा देवी ने थानाध्यक्ष के खिलाफ तहरीर दी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अर्जुन नेगी, जिला उपाध्यक्ष जेपी नैनवाल, केंद्रीय उपाध्यक्ष (यूथ) कुलदीप रावत, नगर अध्यक्ष अनुराग बौंठियाल, यूकेडी महिला मोर्चा गढ़वाल प्रभारी सरस्वती देवी, केशवानंद आर्य, मुकेश बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# चालान का फर्जी लिंक भेजकर लाखों की ठगी, आरोपी गिरफ्तार



कोटद्वार पुलिस की हिरासत में ठगी का आरोपी

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत एक व्यक्ति के मोबाइल पर वाहन चालान का फर्जी लिंक भेज लाखों की ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस दौरान पुलिस ने आमजन को साइबर ठगी के प्रति भी जागरूक किया। कहा कि किसी भी तरह की ठगी होने पर तुरंत पुलिस से शिकायत करें।

इस संबंध में 12 फरवरी को कोटद्वार निवासी जीत सिंह ने पुलिस को तहरीर दी। जिसमें उन्होंने बताया था कि उनके मोबाइल पर एक वाहन चालान कटने का लिंक आया। बताया कि जैसे ही उन्होंने लिंक पर क्लिक किया उनके खाते से एक लाख बीस हजार रुपये कट गए। अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार ठाकुर ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की विशेष टीम गठित की गई। जांच में सामने आया कि ठगी गुजरात अहमदाबाद से की गई है। आरोपित की पहचान होने के बाद पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी। बताया कि मामले में अहमदाबाद निवासी अभिषेक सोलेंकी को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी मोबाइल नंबर से फ्लिपकार्ट एप के माध्यम से पीड़ित के खाते से धनराशि का लेन-देन करता था।

# सिमारखाल सहित दर्जनों गांव में पेयजल संकट

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : प्रखंड एकेश्वर के अंतर्गत सिमारखाल सहित दर्जनों गांव की पेयजल योजनाएं दम तोड़ती नजर आ रही है। जिसके कारण ग्रामीणों को पानी के लिए दर-दर भटकने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से दम तोड़ रही पेयजल योजनाओं की मरम्मत कर ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध करवाए जाने की मांग की है। एकेश्वर के अंतर्गत सिमारखाल के आसपास के गांवों में विगत वर्ष हर घर जल, हर घर नल योजना के अंतर्गत लाखों रूपए खर्च कर नल तो बिछा दिए, लेकिन मुख्य स्त्रोतों पर कोई कार्य न होने से नलों में नियमित रूप से पानी नहीं आ रहा है। यही हाल ज्वाल्पा-चौबट्टाखाल पंपिग पेयजल योजना का भी बना हुआ है, पंपिंग योजना भी तकनीकी खामियों व उचित देखरेख के चलते ग्रामीणों को अपेक्षित लाभ देने में विफल साबित हो रही है। परिणाम स्वरूप सिमारखाल, नौगांवखाल, सुन्ना, हलांई, जणदा देवी समेत कई गांवों में पिछले एक सप्ताह से पानी की भारी किल्लत बनी हुई है। अधिकांश घरों के नल सूखे पड़े हैं, जिससे ग्रामीणों की दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित हो गई है। खासकर महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। सिमारखाल निवासी एवं पूर्व प्रधान भूपेंद्र सिंह ने बताया कि गांवों में पेयजल आपूर्ति पूरी तरह ठप है।

ऐसे में ग्रामीणों को प्राकृतिक जल स्त्रोतों जैसे धारे और नौलों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। कई लोगों को रोजाना कई किलोमीटर दूर जाकर पानी लाना पड़ रहा है, जिससे उनका कीमती समय और श्रम दोनों व्यर्थ हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि एक ओर सरकार हर घर तक पानी पहुंचाने का दावा कर रही है, वहीं जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। योजनाएं कागजों तक सीमित नजर आ रही हैं, जबकि आम जनता बुनियादी जरूरतों के लिए जूझ रही है।

### सुखदेव शास्त्री बनें प्रधान

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत ध्रुवपुर स्थित आर्य समाज के वार्षिक चुनाव में सुखदेव शास्त्री को प्रधान व रामप्रकाश कौशिक को मंत्री चुना गया। इसके अलावा वीरेंद्र कुमार भारती को उपप्रधान, राजेंद्र सिंह को उपमंत्री, सच्चिदानंद शर्मा को कोषाध्यक्ष, परमानंद व उज्जवल खेतवाल को प्रचार मंत्री बनाया गया। रणजीत सिंह को लेखा निरीक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। महानंद, शूरवीर खेतवाल, रक्षा देवी, गुड्डी देवी को कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया।


### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है हमारा पुत्र अंकुश आनन्द आयु 34 वर्ष पुत्र अनिल कुमार निवासी काशीरामपुर, कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड हमारे कहने सुनने में नहीं है। हम अपने पुत्र अंकुश आनन्द को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहे है। आज के उपरान्त हमारी सम्पत्ति पर हमारे उक्त पुत्र का कोई लेना देना नहीं होगा।

**अनिल कुमार पुत्र स्व0 नाथूराम व निशा आनन्द पत्नी श्री अनिल कुमार निवासीगण काशीरामपुर, कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(0511/21)



# कार्यालय नगर पालिका परिषद पौड़ी, पौड़ी-गढ़वाल

संख्या- / न0पा0प0/निवि. सू.-2026/रा0वि0/दिनांकः मई 2026

## निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद पौड़ी, द्वारा वर्ष 2025-026 हेतु पंजीकरण / पंजीकरण का नवीनीकरण करवाए हुए ठेकेदारों से राज्य वित्त/अन्य मदों के अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों की सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदायें दिनांक 20-05-2026 को अपराह्न 02:00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद पौड़ी में प्राप्त की जायेंगी तथा दिनांक 21-05-2026 को अपराह्न 04:00 बजे उपस्थित ठेकेदारों एवं अधोहस्ताक्षरी / अधिकृत अधिकारी/गठित चयन समिति के समक्ष खोली जायेंगी।

निविदा प्रपत्र दिनांक 07-05-2026 से किसी भी कार्य दिवस को प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक निर्धारित शुल्क जमा कर कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। प्रत्येक कार्य की निविदा के साथ कार्य की लागत का 3 प्रतिशत टी.डी.आर./सी.डी.आर. / एन.एस.सी./ एफ.डी.आर. जो अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद पौड़ी के नाम बन्धक हो, लगानी अनिवार्य होगी। बिना धरोहर धनराशि वाली निविदाओं पर किसी भी प्रकार से कोई विचार नहीं किया जायेगा। किसी भी निविदा/समस्त निविदाओं को बिना किसी कारण बताये निरस्त / स्थगित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा ।

| क्र. सं. | कार्य का नाम वार्ड सहित | धरोहर धनराशि | निविदा फार्म का मूल्य (+)18% g.s.t | निविदा की वैद्यता | कार्य की लागत (ला0 रू0 में) | कार्य पूर्ण करने का समय | ठेकेदारी श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड न0-01 पौड़ी सर्किट हाउस में विपिन बिष्ट के घर के निकट क्षतिग्रस्त दीवार एवं सीढ़ी का निर्माण कार्य। | 21,000/- | 1000.00 | 45 दिन | 6.74 लाख | 03 माह | सी0 |
| 2. | वार्ड न0-11 पौड़ी मल्लीराई में श्रीमती सुबती देवी के घर के पास नाला निर्माण कार्य। | 25,700/- | 1000.00 | 45 दिन | 8.54 लाख | 03 माह | बी0 |
| 3. | वार्ड न0-05 पौड़ी गांव में प्रवीण रैबारी के घर से शिवानी कैमीनी के घर तक दीवार और सी0सी0 रास्ते का निर्माण कार्य। | 9,000/- | 500.00 | 45 दिन | 2.76 लाख | 02 माह | डी0 |
| 4 | वार्ड न0-06 पौड़ी में प्रदीप नेगी के घर के निकट कण्डोलिया से पुलिस लाईन मार्ग तक दीवार और रास्ते का निर्माण कार्य। | 7500/- | 500.00 | 45 दिन | 2.19 लाख | 02 माह | डी0 |
| 5 | वार्ड न0-03 पौड़ी में च्वींचा गांव से पलियापनधारा तक दीवार, रास्ता एवं रैलिंग का निर्माण कार्य। | 21,000/- | 1000.00 | 45 दिन | 6.93 लाख | 03 माह | सी0 |
| 6 | वार्ड न0-09 पौड़ी गांव रावत के घर से श्री जसपाल सिंह के घर तक मार्ग रैलिंग, दीवार एवं नाली का निर्माण कार्य। | 24,000/- | 1000.00 | 45 दिन | 7.69 लाख | 03 माह | बी0 |
| 7 | वार्ड न0-09 पौड़ी में सतपाल धर्मशाला से बी0 मोहन के घर तक नाला निर्माण कार्य। | 34500/- | 1500.00 | 45 दिन | 11.17 लाख | 03 माह | ए0 |
| 8 | वार्ड न0-08 में एम0आई0सी0 मार्ग में लक्ष्मण सिंह नेगी के घर के निकट दीवार निर्माण कार्य। | 7500/- | 500.00 | 45 दिन | 2.45 लाख | 02 माह | डी0 |
| 9 | वार्ड न0-11 मल्लीराई पौड़ी में श्री अर्जुन सिंह के घर के निकट दीवार का निर्माण कार्य। | 7500/- | 500.00 | 45 दिन | 2.50 लाख | 02 माह | डी0 |
| 10 | वार्ड न0-02 पौड़ी में वेडिंग प्वाईंट से सिद्धार्थ के घर की ओर जाने वाले रास्ते में गैस गोदाम के निकट दीवार, रास्ता और रैलिंग निर्माण कार्य। | 15000/- | 500.00 | 45 दिन | 4.76 लाख | 02 माह | सी0 |
| 11 | वार्ड न0-11 पौड़ी में श्रीनगर रोड़ से राजेन्द्र नेगी के घर तथा बिचली राई रास्ते से अंकित नेगी के घर तक रास्ता, टाईल्स, रैलिंग एवं दीवार निर्माण कार्य। | 21,000/- | 1000.00 | 45 दिन | 6.89 लाख | 03 माह | सी0 |
| 12 | वार्ड न0-10 पौड़ी में एम0आईसी0 स्कूल से अनीता काला के घर तक रास्ता, दीवार, टाईल्स, एवं रैलिंग निर्माण कार्य। | 37500/- | 1500.00 | 45 दिन | 12.34 लाख | 04 माह | ए0 |
| 13 | वार्ड न0-11 मल्ली राई में श्री मुकेश नेगी के घर से कुलदीप सिंह के घर तक रास्ता, नाली, दीवार और रैलिंग निर्माण कार्य। | 33300/- | 1500.00 | 45 दिन | 11.10 लाख | 04 माह | ए0 |
| 14 | वार्ड न0-10 पौड़ी में श्री सत्य सिंह के घर से (विजय लाल के घर के पास) मल्ली मार्ग, में रास्ता, टाईल्स, दीवार एवं रेलिंग निर्माण कार्य। | 28500/- | 1000.00 | 45 दिन | 9.37 लाख | 03 माह | बी0 |
| 15 | वार्ड न-01 क्यूंकालेश्वर मंदिर में सौंदर्यकरण कार्य। | 28500/- | 1000.00 | 45 दिन | 9.38 लाख | 03 माह | बी0 |
| 16 | वार्ड न0- पौड़ी में अकित भण्डारी के घर से कमला देवी के घर तक दीवार, सी0सी0 रास्ता एवं नाली का निर्माण कार्य। | 13500/- | 500.00 | 45 दिन | 4.10 लाख | 02 माह | सी0 |
| 17 | नगर पालिका क्षेत्र पौड़ी में शौचालयों का पुर्ननिर्माण कार्य। | 24000/- | 1000.00 | 45 दिन | 7.52 लाख | 03 माह | बी0 |
| 18 | वार्ड न0-08 बस अड्डा पौड़ी के निकट वाटर टैंक का निर्माण कार्य। | 4500/- | 500.00 | 45 दिन | 1.31 लाख | 01 माह | डी0 |
| 19 | पौड़ी में एम0आई0सी0 मार्ग, खंकरियाल हाउस से आशी नेगी से राजू फील्डस वार्ड न-08 तक, रास्ता, आर0सी0 सी0 नाला का निर्माण कार्य। | 23000/- | 1000.00 | 45 दिन | 7.53 लाख | 03 माह | बी0 |
| 20 | वार्ड न-06 पौड़ी पावर हाउस के निकट भारी बरसात के कारण क्षतिग्रस्त दीवार का निर्माण कार्य। | 7000/– | 500.00 | 45 दिन | 2.16 लाख | 02 माह | डी0 |
| 21 | वार्ड न0-07 पौड़ी में शिशु मंदिर स्कूल से नीचे नाला निर्माण कार्य। | 19000/- | 1000.00 | 45 दिन | 6.02 लाख | 03 माह | सी0 |
| 22 | नगर पालिका क्षेत्र के भीतर विभिन्न मोटर सड़कों पर पुरी तरह अवरूद्ध और बन्द पड़े स्कपर की सफाई का कार्य। | 12500/- | 500.00 | 45 दिन | 4.09 लाख | 03 माह | सी0 |
| 23 | पौड़ी में वार्ड न0-11 में गडोली ढांढरी रोड से चरण गांव तक रास्ते की दीवार और रैलिंग कार्य। | 36000/- | 1500.00 | 45 दिन | 11.72 लाख | 04 माह | ए0 |
| 24 | वार्ड न0-08 पौड़ी में डिग्री कॉलेज मार्ग और डा0 बी0आर0 रेड्डी मूर्ति स्थल परिसर के अन्तर्गत ईन्टरलॉकिंग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 22500/- | 1000.00 | 45 दिन | 7.21 लाख | 03 माह | बी0 |
| 25 | पौड़ी स्थित नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले दर्शनीय स्थलों पर चित्रकारी का कार्य। | 24000/- | 1000.00 | 45 दिन | 7.92 लाख | 03 माह | बी0 |
| 26 | पौड़ी में कण्डोलिया से विकास भवन तक जाने वाली सड़क पर बी0एम0 और एस0डी0बी0सी0 द्वारा सड़क सुदृढीकरण का कार्य। | 75000/- | 2000.00 | 45 दिन | 24.93 लाख | 02 माह | ए0 |
| 27 | वार्ड न0-11 पौड़ी में सेंट थॉमस स्कूल कोटद्वार रोड़ संतन सिंह के घर के निकट नाले का पुर्ननिर्माण कार्य। | 21000/- | 1000.00 | 45 दिन | 6.45 लाख | 03 माह | सी0 |
| 28 | वार्ड न0-05 लोअर बाजार पौड़ी में चौधराहट के निकट नाली निर्माण कार्य। | 24000/- | 1000.00 | 45 दिन | 7.49 लाख | 03 माह | बी0 |
| 29 | वार्ड न0-01 पौड़ी में पित्र मौहल्ला में 9 एम0 स्पान पुलिया का निर्माण कार्य। | 20500/- | 1000.00 | 45 दिन | 6.59 लाख | 03 माह | सी0 |
| 30 | वार्ड न0-5 में नगर पालिका विद्यालय संख्या 8 न्यू विकास कॉलोनी पौड़ी के पास जल निकासी आवरण का कार्य। | 33000/- | 1500.00 | 45 दिन | 10.99 लाख | 03 माह | ए0 |

शर्तेः– 1–निविदा फार्म के मूल्य का 18% प्रतिशत जी.एस.टी. के रूप में अतिरिक्त देय होगा।

2- निर्माण से सम्बन्धित समस्त सामग्री / उपकरण एवं अन्य निर्माण सम्बन्धी यंत्र आदि की व्यवस्था ठेकेदार के द्वारा स्वयं की जायेगी। पालिका द्वारा किसी भी प्रकार के उपकरण / सामग्री की आपूर्ति / व्यवस्था नहीं की जायेगी।

3- उपरोक्त के सम्बन्ध में अन्य जानकारियॉ कार्यालय नगर पालिका परिषद पौड़ी से ली जा सकती हैं। अनुबन्ध करते समय कुल धनराशि का 3 प्रतिशत राशि प्रत्येक निविदादाता को जमा करना अनिवार्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद पौड़ी**
**पौड़ी गढ़वाल**
(0147/55)

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद पौड़ी**
**पौड़ी गढ़वाल**

एक नजर

## डंपरों की आवाजाही पर रोक लगाने की मांग

श्रीनगर गढ़वाल : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत नर्सरी रोड पर इन दिनों रेत और पत्थर से भरे डंपरों की भारी आवाजाही से लोग परेशान हो चुके हैं। बेलगाम डंपरों के कारण कई बार यहां जाम लग रहा है और लोगों व स्कूली बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रमेश चंद्र थपलियाल, दिनेश, अमित, नाजिम और आशुतोष ने बताया कि नर्सरी रोड पहले से ही संकरी है और मार्ग पर ढलान भी अधिक है। अलकेश्वर घाट की ओर जाने वाले इन डंपरों की गति पर कोई नियंत्रण नहीं है। इस मार्ग से रोजाना चार से पांच स्कूलों के बच्चे गुजरते हैं और डंपरों की तेज रफ्तार से हर समय दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है

। शंकर और आनंद भंडारी का कहना है कि डंपरों की वजह से अक्सर बच्चों की स्कूल बसें और ऑफिस जाने वाले लोग समय पर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच पाते। लोगों ने प्रशासन से स्कूल खुलने और छुट्टी होने के समय इस मार्ग पर डंपरों की आवाजाही पर रोक लगाने की मांग की। वहीं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार का कहना है कि शिकायत का संज्ञान लिया गया है। मौके पर पुलिस टीम भेजकर स्थिति का जायजा लिया जाएगा। यातायात व्यवस्था बाधित न हो और आमजन को परेशानी न हो इसके लिए डंपर चालकों को सख्त निर्देश दिए जाएंगे। (एजेंसी)

## आपदा से क्षतिग्रस्त संपर्क मार्ग पर नहीं हो पाया पुनर्निर्माण

नई टिहरी। भिलंगना ब्लॉक के मौलनों, गेंवली, स्वाड़ी, लवै गांव, कोसकांडी गांव का पौखाल बाजार को जोड़ने वाला पैदल संपर्क मार्ग का 10 माह बाद भी पुनर्निर्माण नहीं हो पाई है जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। गत वर्ष 25 जुलाई को भिलंगना क्षेत्र में आई आपदा में पौखाल बाजार को जोड़ने वाले पैदल संपर्क मार्ग का तोणखंड तोके के पास करीब 20 मीटर का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। ग्रामीण शीशपाल गुसाईं, किशोर सिंह, राम सिंह भंडारी, नागेंद्र सिंह कैंतुरा, महाजन सिंह गुसाईं ने बताया तोणखंड में क्षतिग्रस्त संपर्क मार्ग क्षेत्र के पांच गांवों को पौखाल बाजार से जोड़ता है। क्षतिग्रस्त रास्ते के नीचे खाई होने के कारण लोगों को हर समय जान जोखिम का डर बना रहता है। ग्राम विकास अधिकारी विजय सिंह ने बताया ग्रामीणों की ओर पूर्व ही क्षतिग्रस्त रास्ते की मरम्मत के लिए आपदा में प्रस्ताव दिया गया है। ब्लॉक की ओर से भी मनरेगा में मरम्मत का प्रस्ताव रखा गया है।

तोणखंड तोके से पौखाल बाजार को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग के क्षतिग्रस्त होने की उन्हें जानकारी नहीं है। शीघ्र ही क्षेत्रीय ग्राम विकास अधिकारी से इसकी जानकारी जुटाकर कार्यवाही की जाएगी। रास्ते को मरम्मत के लिए किस मदद में रखा गया है इसकी जानकारी ली जाएगी। विपिन सिंह, विकास खंड अधिकारी, भिलंगना।

# उद्यमिता ओरिएंटेशन कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं ने सीखे उद्यमिता के गुर

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** डॉ० पी० द० ब० हि० राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोटद्वार में उच्च शिक्षा विभाग, उत्तराखंड सरकार एवं भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ई.डी.आई.आई.), अहमदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में देवभूमि उद्यमिता ओरिएंटेशन कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डी० एस० नेगी, प्रोजेक्ट ऑफिसर श्री दिलीप कुशवाहा तथा महाविद्यालय देवभूमि उद्यमिता केंद्र के नोडल अधिकारी डॉ० एस० के० गुप्ता द्वारा मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर देवभूमि उद्यमिता योजना के महाविद्यालय नोडल अधिकारी डॉ० एस० के० गुप्ता ने ओरिएंटेशन कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों एवं विषय विशेषज्ञों का स्वागत करते हुए परिचय कराया। डॉ एस० के० गुप्ता ने ओरिएंटेशन कार्यक्रम के औचित्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस ओरिएंटेशन कार्यक्रम में छात्र– छात्राओं को कोटद्वार क्षेत्र की सामाजिक–आर्थिक समस्याओं को पहचानने तथा उद्यमिता एवं स्टार्टअप के विकास द्वारा समाधान करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि नवाचार , नवीनतम तकनीकों एवं आइडियाज के माध्यम से उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्य में रोजगार के अवसरों को बढ़ाकर एवं सरकारी योजनाओं तथा फंडिंग का अनुकूलतम उपयोग करके पहाड़ों से हो रहे पलायन को रोका जा सकता है। डॉ गुप्ता ने कहा कि कोटद्वार एवं आसपास के क्षेत्र के



आयोजित कार्यशाला में भाग लेते विद्यार्थी

युवाओं को उद्यमिता, स्टार्टअप , कौशल विकास एवं स्वरोजगार के प्रति जागरूक तथा प्रोत्साहित करने हेतु यह योजना मील का पत्थर साबित होगी। ओरिएंटेशन कार्यक्रम में भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद से विषय विशेषज्ञ के रूप में आये प्रोजेक्ट ऑफिसर श्री दिलीप कुशवाहा ने कहा कि इस एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं को उद्यमिता एवं स्टार्टअप के प्रति जागरूकता पैदा करने एवं स्वरोजगार के माध्यम से अपना भविष्य संवारने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने छात्र–छात्राओं को नौकरी के साथ–साथ उद्यमिता एवं स्टार्टअप पर भी ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डी० एस० नेगी ने कहा कि महाविद्यालय में स्थापित उद्यमिता केंद्र द्वारा उत्तराखंड सरकार की महत्वाकांक्षी देवभूमि उद्यमिता योजना के क्रियान्वयन एवं सफल संचालन हेतु निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देवभूमि उद्यमिता योजना कोटद्वार क्षेत्र के आर्थिक विकास में कारगर सिद्ध होगी तथा महाविद्यालय के छात्र–छात्राएं इस योजना से लाभान्वित होंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस कार्यक्रम में प्राप्त किया गया प्रशिक्षण, भविष्य में स्वरोजगार एवं अपना उद्यम स्थापित करने वाले छात्र –छात्राओं के लिए महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। उन्होंने छात्र–छात्राओं को आगामी बूट कैंप एवं उद्यमिता विकास कार्यक्रम में भी बढ़–चढ़कर प्रतिभाग करने हेतु प्रेरित किया। ओरिएंटेशन कार्यक्रम के तकनीकी सत्र में विषय विशेषज्ञ श्री दिलीप कुशवाहा द्वारा उद्यमिता एवं स्टार्टअप से संबंधित विभिन्न विषयों पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से गहन जानकारियां दी गई । श्री कुशवाहा द्वारा उत्तराखण्ड के स्थानीय युवाओं एवं छात्रों में प्रतिभा व कौशल की खोज करने , उद्यमिता और स्टार्टअप के प्रति जागरूकता बढ़ाने, उद्यमिता हेतु फंडिंग उपलब्ध करवाने, उद्यमिता आइडियाज, व्यवसायिक मॉडल कैनवास , ब्रांडिंग, मार्केटिंग, रिसोर्स जेनरेशन, स्टार्टअप एडवेंचर आदि पर भी विस्तार से चर्चा की गई एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया।ओरिएंटेशन कार्यक्रम में महाविद्यालय के कुल 103 छात्र–छात्राओं ने सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया तथा उद्यमिता एवं स्टार्टअप के गुर सीखें। कार्यक्रम के अंत में आगामी उद्यमिता कार्यक्रमों के चयन हेतु स्क्रीनिंग परीक्षा आयोजित की गई तथा प्राचार्य द्वारा प्रतिभागी छात्र–छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन डॉ० सुरेखा घिल्डियाल द्वारा किया गया। महाविद्यालय उद्यमिता केंद्र की सदस्य डॉ मीनाक्षी वर्मा, डॉ मुकेश रावत आदि ने कार्यक्रम के आयोजन में सक्रिय सहयोग दिया।

कार्यक्रम में डॉ० विनोद सिंह, डॉ० अंशिका बंसल, श्री अनुपम भारद्वाज, श्री अरविंद दुदपुड़ी आदि प्राध्यापकों तथा तनुजा, मोहित सैनी, अर्पित, तपन राणा, अंशिका बुड़ाकोटी, आंचल कुकरेती, कृष्णकांत कुकरेती, हिमांशु देवरानी, भूमि जखमोला, शुभम राजपूत, विनायक अग्रवाल आदि छात्र–छात्राओं ने व्यवस्था बनाने एवं अन्य कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# बगैर सूचना गोशाला तोड़ने पर जताया रोष



कोटद्वार में उपजिलाधिकारी संदीप कुमार को ज्ञापन देती गीता सिंह व प्रभावित परिवार

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** नगर निगम की ओर से बिना सूचना दिए झंडीचौड़ में गोशाला तोड़े जाने पर गोपालकों ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि उनकी परिवार की आर्थिकी का जरिया गोपालन ही था। ऐसे में अब उनके समक्ष आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

वार्ड नंबर 37 झंडीचौड़ में प्रशासन ने 28 अप्रैल को गोशाला ध्वस्त कर दी थी। इसी संबंध में सोमवार को अंबेडकर बस्ती निवासी बृजेश देवी, प्रभा देवी, मुन्नू सिंह तहसील में पहुंचे। उन्होंने उपजिलाधिकारी संदीप कुमार के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा। बताया कि वह पशुपालन व्यवसाय से ही अपने परिवार का भरण-पोषण करते आ रहे है, जिसके लिए उनके पूर्वजों ने करीब आठ दशक पूर्व से ही अंबेडकर बस्ती में गोशालाएं बनाई हुई हैं। लेकिन नगर निगम प्रशासन ने उन्हें बिना सूचना दिए ही उनकी गोशालाओं को तोड़ दिया है।

कहा कि नगर निगम की कार्यवाही से अनुसूचित समाज में आक्रोश पनप रहा है। अनुसूचित परिवारों की चार पीढ़ियां इसी पशुपालन से अपने परिवार का भरण पोषण करती आ रही है। ज्ञापन में तोड़फोड़ की कार्यवाही को तत्काल रोकने, पूर्व से काबिज लोगों का पुनर्वास करने की मांग की गई है। इस मौके पर मौके पर गीता सिंह, विशंबर सिंह, मंगतराम, गुड्डी देवी, मधुबाला, रामेश्वरी देवी, मनोज सिंह, मीना देवी, रिंकी, सावित्री देवी सहित अन्य मौजूद रहे।

## कठबंदी मेले में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** खिर्सू विकासखंड के कोठगी गांव में आयोजित ऐतिहासिक कठबंदी मेला इस वर्ष भी पूरे उत्साह, रोमांच और पारंपरिक आस्था के साथ मनाया गया। मेले में भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी हुई थी। दूर-दूर से पहुंची श्रद्धालु महिलाओं (ध्यानियों) ने घंडियाल देवता को घंटे भेंटकर अपनी आस्था प्रकट की। कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने भी मेले में पहुंचकर भगवान का आशीर्वाद लिया। रविवार सुबह से ही गांव में पूजा-अर्चना का क्रम शुरू हो गया था। देव मंडल के साथ रातभर जागरण चला। सोमवार सुबह देव स्नान के बाद विधिवत पूजा-अर्चना की गई और कुलदेवता के अवतरण के साथ ही बहुप्रतीक्षित कठबंदी रस्म की तैयारियां शुरू हो गईं। पंचायती चौक से शुरू हुई इस अनूठी परंपरा में कठबंदी का विशेष श्रृंगार आकर्षण का केंद्र रहा। सिर पर पगड़ी, हाथों में तलवार और ढाल, माथे पर लाल टीका, कमर में तलवार और बाजूबंद में सजी चुनिया ने पूरे दृश्य को अलौकिक बना दिया। ढोल-दमाऊं की गूंज के बीच जैसे ही कठबंदी को गांव के ऊपरी हिस्से की ओर ले जाया गया, श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। स्थानीय लोगों ने परंपरा के अनुसार रस्सियों के सहारे कठबंदी को खिसकाया। कुलदेवता के जयकारों से पूरा गांव गूंज उठा और श्रद्धालु आशीर्वाद लेते नजर आए।

# लोगों को दिया टीबी का पूर्णतः उपचार संभव का संदेश

### विशेष जागरूकता और एक्स–रे स्क्रीनिंग शिविर का किया आयोजन



**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : स्वास्थ्य विभाग पौड़ी द्वारा 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में टीबी उन्मूलन के उद्देश्य से पौड़ी ब्लॉक के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर ल्वाली, गग्वाड, डांग तमलाग, सुमेरपुर और नौटियाल गांव में सोमवार को विशेष जागरूकता और एक्स-रे स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर ग्रामीणों को टीबी के लक्षण, बचाव एवं उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही लोगों को संदेश दिया गया कि टीबी का पूर्णतः उपचार संभव है, समय पर जांच व नियमित दवा लेने से इसे ठीक किया जा सकता है। इस दौरान स्वास्थ्य टीम द्वारा संदिग्ध मरीजों को चिन्हित कर आगे की जांच हेतु प्रेरित किया गया।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. विनय कुमार त्यागी ने कहा कि 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जनपद में आयोजित होने वाले शिविरों का उद्देश्य दूरस्थ और संवेदनशील क्षेत्रों में टीबी की जांच पहुंचाना हैं।

सोमवार को शिविर के दौरान पौड़ी ब्लॉक में 32 एक्सरे व 4 स्पूटम सैंपल लिए गए। उन्होंने बताया कि जनपद में 24 मार्च से लेकर आज तक विभिन्न ब्लॉकों में शिविर आयोजित कर 4708 टीबी एक्सरे किए जा चुके हैं। इस दौरान एस.टी.एस. नीरज भंडारी, सीएचओ दीपिका, संध्या, एएनएम ममता, संध्या, सुरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# जन संवाद कार्यक्रम में 21 शिकायतें दर्ज, 8 का मौके पर निस्तारण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में आयोजित 'जन संवाद कार्यक्रम' में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 21 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से 8 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को कार्रवाई हेतु प्रेषित किया गया। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सिल्ला बामणगांव की प्रधान लता चंद ने वियनगर-तिमली-तैला मोटर मार्ग की धंसी सड़क के सुधार, पुस्ता एवं पक्की नाली निर्माण की मांग उठाई। साथ ही उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत पेयजल आपूर्ति सुचारू करने और आपदा में क्षतिग्रस्त पेयजल लाइन के स्थायी समाधान की मांग की। लदोली की प्रधान अनीता देवी ने क्षेत्र में पिछले एक माह से रसोई गैस आपूर्ति बाधित होने तथा निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्र का कार्य अधूरा होने की शिकायत दर्ज कराई। जखोली बड़मा के उम्मेद सिंह ने एक आंख से दृष्टिहीन होने के बावजूद पेंशन स्वीकृत न होने की समस्या रखी। फलाटी गांव के सूरत लाल ने बताया कि बीपीएल श्रेणी में होने और बेरोजगार होने के बावजूद उनका राशन कार्ड बंद कर दिया गया है, जिससे उन्हें खाद्यान्न



नहीं मिल पा रहा है। वहीं बावई के बृज लाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ न मिलने की शिकायत की, जबकि पाटियूं बसुकेदार की दीपा देवी ने आपदा से क्षतिग्रस्त कृषि भूमि और गौशाला का मुआवजा न मिलने का मुद्दा उठाया। अपर जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध और गंभीरता से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि लापरवाही या अनावश्यक देरी बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी अनीता पंवार, उप जिलाधिकारी जखोली भगत सिंह फोनिया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम प्रकाश, जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्रा, जिला पूर्ति अधिकारी केएस कोहली, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष रावत, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग इंद्रजीत बोस, जल निगम नवल कुमार, सिंचाई खुशवंत सिंह चैहान, ग्रामीण निर्माण विभाग मीनल गुलाटी, प्रभारी शिकायत निवारण केंद्र विनोद कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं शिकायतकर्ता उपस्थित रहे।

## बामठी गांव में पिंजरे में कैद हुआ गुलदार, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** जनपद पौड़ी के बामठी गांव में पिछले कई दिनों से आतंक का कारण बनी मादा गुलदार आखिरकार वन विभाग के लगाए गए पिंजरे में कैद हो गई है। गुलदार के पकड़े जाने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। नागदेव स्थित रेंज परिसर में पशु चिकित्साधिकारियों द्वारा गुलदार का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है।



बता दें कि बीती 23 अप्रैल को इसी गुलदार ने गांव की एक महिला को निवाला बनाया था, जिससे पूरे क्षेत्र में दहशत बनी हुई थी। गढ़वाल वन प्रभाग की एसडीओ आयशा बिष्ट ने बताया कि विभाग ने गुलदार की निगरानी के लिए 20 कैमरा ट्रैप, चार सोलर सीसीटीवी और इम्प्रेशन पैड का उपयोग किया। साथ ही, क्षेत्र में पांच पिंजरे लगाए गए और शिकारी दल को मचान बनाकर तैनात किया गया था। सघन प्रयासों के बाद, बीती देर रात गुलदार घटना स्थल से महज 300 मीटर की दूरी पर लगाए गए पिंजरे में फंस गया। एसडीओ आयशा बिष्ट के अनुसार, गुलदार मादा है और उसकी उम्र लगभग 1.5 से दो वर्ष के बीच आंकी गई है। पकड़े जाने के बाद गुलदार को सुरक्षित रूप से नागदेव स्थित रेंज परिसर ले जाया गया है। वर्तमान में वहां पशु चिकित्साधिकारियों की ओर से गुलदार का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। गुलदार के पकड़े जाने की खबर से बामठी गांव और आसपास के ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है हालांकि वन विभाग अभी भी क्षेत्र में सतर्कता बनाए हुए है।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 पौड़ी

E Mail ID:- eepwdcdpauri@gmail.com, eepwdcdpauri@rediffmail.com, Fax & Phone No. (01368-222284)

पत्रांक 591/20ए0सी0 दिनांक 04/05/2026

### अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी के द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु मोहरबन्द निविदायें दिनांक 25.05 2026 को अपराह्न 02.00 बजे तक निम्न कार्यालयों में आमंत्रित की जाती है। निविदा के साथ वांछित धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र, डाकघर की पास बुक एवं शेड्यूल्ड बैंक की एफ.डी.आर. के रूप में मान्य होगी जो अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 पौड़ी के पद नाम से बन्धक होगी। निविदा के साथ रुपये 100.00 का नान जूडिशियल स्टाम्प पेपर वैधता की शर्तों के साथ जिसके ऊपर रू0 1.00 के रसीदी टिकट सहित हस्ताक्षर होना अनिवार्य है।

निविदा प्रपत्र दिनांक 08.05.2026 से 23.05.2026 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से सांय 5:00 बजे तक निम्नलिखित कार्यालयों से प्राप्त की जा सकती है।

1. अधीक्षण अभियन्ता 12वीं वृत्त लो0नि0वि0 पौड़ी
2. अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 पौड़ी
3. अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 पौड़ी
4. अधिशासी अभियन्ता अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0 कीर्तिनगर जिला टिहरी गढ़वाल।

निविदायें अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 पौड़ी के कार्यालय में दिनांक 25.05.2026 को अपराह्न 3:00 बजे टैण्डर खोलने हेतु गठित समिति द्वारा उपस्थित निविदा दाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा का मूल्य | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने का समय | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **वित्तीय वर्ष (2026-27)** | | | | | |
| 1 | एक्सकेवेटर कम लोडर द्वारा जनपद पौड़ी के विकास खण्ड पोखड़ा क्षेत्र के विभिन्न मार्गों को यातायात खोलने हेतु मलवा निस्तारण एवं अन्य कार्य। **(पूर्ण अनुबन्धित अवधि हेतु)** (मुख्यालय स्थान-गवाणी) | 30000.00 | 1000+ GST | 45 दिन | 4 माह | |
| 2 | एक्सलेवेटर कम लोडर द्वारा जनपद पौड़ी के विकास खण्ड पोखड़ा क्षेत्र के विभिन्न मार्गों को यातायात खोलने हेतु मलवा निस्तारण एवं अन्य कार्य। **(पूर्ण अनुबन्धित अवधि हेतु)** (मुख्यालय स्थान-बिजोरापानी) | 30000.00 | 1000+ GST | 45 दिन | 4 माह | |
| 3 | एक्सकेवेटर कम लोडर द्वारा जनपद पौड़ी के विकास खण्ड पोखड़ा क्षेत्र के विभिन्न मार्गों को यातायात खोलने हेतु मलवा निस्तारण एवं अन्य कार्य। **(पूर्ण अनुबन्धित अवधि हेतु)** (मुख्यालय स्थान-जणदादेवी) | 30000.00 | 1000+ GST | 45 दिन | 4 माह | वाहन स्वामी के नाम पंजीकृत एक्सकेवेटर कम लोडर। |
| 4 | एक्सकेवेटर कम लोडर द्वारा जनपद पौड़ी के विकास खण्ड पाबौ के खातस्यूँ पट्टी, विकासखण्ड पौड़ी के पैडुलस्यूँ पट्टी के विभन्न मार्गों को यातायात खोलने हेतु मलवा निस्तारण एवं अन्य कार्य। **(पूर्ण अनुबन्धित अवधि हेतु)** (मुख्यालय स्थान-सीकू) | 30000.00 | 1000+ GST | 45 दिन | 4 माह | |
| 5 | एक्सकेवेटर कम लोडर द्वारा जनपद पौड़ी के विकासखण्ड कोट के विभिन्न मार्गों को यातायात खोलने हेतु मलवा निस्तारण एवं अन्य कार्य। **(पूर्ण अनुबन्धित अवधि हेतु)** (मुख्यालय स्थान-देहलचौरी) | 30000.00 | 1000+ GST | 45 दिन | 4 माह | |

1. अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओ को निरस्त/ स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित है, एवं निविदा क्रय करते समय पंजीकरण की फोटो प्रति अवश्य साथ लायें।
2. निविदा शुल्क एवं 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 शुल्क अलग-अलग मान्य होगा।
3. नॉन शेड्यूल बैंक की एफ0डी0आर0 स्वीकृत नहीं की जायेगी।

**अधिशासी अभियन्ता**
**निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 पौड़ी**
(0148/57

